भाषा का सम्मान

अन्जु चौधरी
वरिष्ठ शोध सहायक

भाषा का मान बढ़ाना होगा,
हिन्दी तुझे सम्मान दिलाना होगा ।
आज आजादी को बीत चुके कई वर्ष,
तेरी खातिर कितने कवि करते आये संघर्ष,
उनके संघर्षों का मोल चुकाना होगा ।
भाषा का मान बढ़ाना होगा,
हिन्दी तुझे सम्मान दिलाना होगा ।
हर मानव के कंठ में राज करो तुम,
हर सभा की शान बनो तुम,
अपना ये फर्ज निभाकर तेरा ये कर्ज चुकाना होगा ।
भाषा का मान बढ़ाना होगा,
हिन्दी तुझे सम्मान दिलाना होगा ।
आज उठा लो अपनी लेखनी हिन्दी के लिए,
करो संकल्प हो अपनी हर रचना हिन्दी के लिए,
भारत के कोने-कोने में हिन्दी का ही जाल बिछाना होगा ।
भाषा का मान बढ़ाना होगा,
हिन्दी तुझे सम्मान दिलाना होगा ।
विज्ञान का विषय हो या शोध-पत्र हो जल पर,
सब में ही हिन्दी बने विचार व्यक्ति का माध्यम,
ऐसा कुछ आज करके दिखाना होगा ।
भाषा का मान बढ़ाना होगा,
हिन्दी तुझे सम्मान दिलाना होगा ।
हर क्षेत्र में तेरा ही शासन हो
हर जन का हिन्दी में ही भाषण हो,
हिन्दी में ही पढ़ें हिन्दी में ही लिखें ऐसा अभियान चलाना होगा ।
भाषा का मान बढ़ाना होगा,
हिन्दी तुझे सम्मान दिलाना होगा ।
आज कुछ विचार कर रहे मेरे ह्रदय को उद्वेलित,
मिल रहा मान अंग्रेजी को राष्ट्र भाषा हो रही कुंठित,
फैले चहुँ ओर तेरा ही उजाला ऐसा एक दीप जलाना होगा ।
भाषा का मान बढ़ाना होगा,
हिन्दी तुझे सम्मान दिलाना होगा ।